शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ (छ.ग.)

(छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 द्वारा स्थापित राजकीय विश्वविद्यालय)
गढ़उमरिया, ओड़िशा रोड़, रायगढ़ (छत्तीसगढ़) 496001
ई–मेल–registrarsnpv@gmail.com, वेबसाईट-https://snpv.ac.in

क्रमॉक. 3223/E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनाँक 30/12/2024

–:: अधिसूचना ::–

सत्र 2024–25 में शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत स्थित शिक्षा महाविद्यालयों में बी.एड. प्रथम वर्ष में SCERT के काउंसलिंग उपरांत प्रवेशित छात्रों का विश्वविद्यालय की वेबसाईट https://snpv.ac.in पर उपलब्ध Online Portal Link के माध्यम से पंजीयन एवं पंजीयन शुल्क 50/– तथा नामांकन आवेदन (Enrollment Form) के एवं नामांकन शुल्क 300/– रूपये ऑनलाईन माध्यम से जमा करने हेतु निम्नानुसार तिथि निर्धारित की जाती है:–

क्रं.	विवरण	तिथि
01.	ऑनलाईन माध्यम से (बी.एड. प्रथम वर्ष) के पंजीयन/नामांकन आवेदन किये जाने हेतु प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि	31.12.2024 से 14.01.2025 तक
02.	ऑनलाईन माध्यम से (बी.एड. प्रथम वर्ष) के पंजीयन/नामांकन आवेदन किये जाने हेतु प्रारंभिक एवं अंतिम तिथि 200/– रूपये विलंब शुल्क के साथ	15.01.2025 से 17.01.2025 तक
03.	छात्र–छात्राओं द्वारा भरे गये ऑनलाईन पंजीयन/नामांकन आवेदनों की हार्डकॉपी, ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि	18.01.2025 तक
04.	महाविद्यालय छात्र–छात्राओं के द्वारा भरे गये ऑनलाईन पंजीयन/नामांकन आवेदनों की सूची (Enrollment Return/Roll List 2024–25) पोर्टल से डाउनलोड कर सूची के क्रम में परीक्षा आवेदनों की ऑनलाईन शुल्क की भुगतान की रसीद एवं समस्त अनिवार्य आवश्यक दस्तावेजों की छायाप्रति परीक्षण कर विधिवत अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने की अंतिम तिथि	21.01.2025 तक

नोट :–

- महाविद्यालय छात्रों के पंजीयन एवं नामांकन फॉर्म विश्वविद्यालय को प्रेषित करने के साथ SCERT से प्राप्त आबंटन सूची अनिवार्यतः संलग्न रहे ताकि दस्तावेजों का सही तरीके से मिलान हो सके।
- उपरोक्त आबंटन सूची एवं पंजीयन/नामांकन फॉर्मो के साथ एक शपथ पत्र महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किया जाए जिसमें यह उल्लेखित हो SCERT द्वारा आबंटित/अनुशंसित छात्रों को ही महाविद्यालय द्वारा प्रवेश दिया गया है तथा उनके ही पंजीयन/नामांकन फॉर्म अग्रेषित (संलग्न) किया जा रहा है। इस संबंध में किसी तरह की विसंगति पाए जाने अथवा विवाद की स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय के प्राचार्य की होगी।
- नियमित छात्र–छात्राओं का नामांकन आवेदन भराया जाना महाविद्यालयों की जिम्मेदारी होगी।
- छात्र–छात्राओं को विशेष रूप से सूचित किया जाता है कि नामांकन आवेदन भरते समय (यूजर आई.डी./पासवर्ड हेतु) एक मोबाईल नंबर से एक ही नामांकन आवेदन किया जा सकेगा। अतः दूसरे का मोबाईल नंबर एवं ईमेल आई.डी. बिल्कुल दर्ज न किया जाए।
- छात्र–छात्राओं को ऑनलाईन नामांकन आवेदन करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देशा ऑनलाईन पोर्टल पर उपलब्ध है।

AnyScanner

- महाविद्यालय को संबंधित विषय/पाठ्यक्रम हेतु विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त सीट संख्या के अनुसार ही नामांकन आवेदन स्वीकार किया जायेगा। अतः महाविद्यालय इसका विशेष ध्यान रखे।
- नामांकन आवेदनों के अग्रेषण से पूर्व संस्था प्रमुख/प्राचार्य/प्रभारी अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेवे कि संबंधित छात्र–छात्रा संबंधित कक्षा/परीक्षा में सम्मिलित होने की समस्त न्यूनतम अर्हताओं को पूर्ण करते है।
- नामांकन आवेदन में किसी भी तरह की त्रुटि होने पर संपूर्ण जवाबदारी संबंधित छात्र–छात्रा एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।

आदेशानुसार

कुलसचिव

पृ.क्र. 3224/E/परीक्षा–गोपनीय/2024 रायगढ़, दिनाँक 30/12/2024

प्रतिलिपिः–

01. कुलपति के निज सचिव को माननीय कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
02. प्राचार्य समस्त, संबद्ध महाविद्यालय, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ प्रेषित कृपया महाविद्यालय के सूचना पटल पर छात्र–छात्राओं के अवलोकन हेतु चस्पा करावें एवं छात्र–छात्राओं को उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि तक आवेदन करने हेतु सूचित करावें।
03. वित्ताधिकारी (भंडार/वित्त) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ।
04. अनुभाग अधिकारी/कक्ष प्रभारी (गोपनीय–परीक्षा) शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. संपादक/संवाददाता, दैनिक .... समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
06. कार्यालयीन प्रति।

प्रभारी अधिकारी (परीक्षा)

AnyScanner